भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF CULTURE
NATIONAL MONUMENTS AUTHORITY



भुवनेश्वरी मंदिर, राजनगर, गोमती, त्रिपुरा के लिए धरोहर उप- विधि

Heritage Bye-Laws for Bhubaneswari Temple, Rajnagar, Gomati, Tripura

भुवनेश्वरी मंदिर, राजनगर, गोमती, त्रिपुरा के लिए धरोहर उप- विधि

Heritage Bye-Laws for Bhubaneswari Temple, Rajnagar, Gomati, Tripura



विषय-सूची

अध्याय I **प्रारंभिक**		
1.1	संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारंभ	1
1.2	परिभाषाएं	1-3
अध्याय II **प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम,1958 की पृष्ठभूमि**		
2.1	अधिनियम की पृष्ठभूमि	4
2.2	धरोहर उप-विधियों से संबंधित अधिनियम के उपबंध	4
2.3	आवेदक के अधिकार और जिम्मेदारियां	4-5
अध्याय III **केंद्रीय संरक्षित संस्मारक- भुवनेश्वरी मंदिर, त्रिपुरा का स्थान एवं अवस्थिति**		
3.1	संस्मारक का स्थान एवं अवस्थिति	6
3.2	संस्मारक की संरक्षित चारदीवारी	7
	3.2.1 भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) के अभिलेखों के अनुसार अधिसूचना मानचित्र/योजना:	7
3.3	संस्मारक का इतिहास	7
3.4	संस्मारक का विवरण (वास्तुशिल्पीय विशेषताएं, तत्व, सामग्रियॉ आदि)	7
3.5	वर्तमान स्थिति	7
	3.5.1 संस्मारक की स्थिति- स्थिति का आकलन	7
	3.5.2 प्रतिदिन आने वाले और कभी-कभार एकत्रित होने वाले आगंतुकों की संख्या	8
अध्याय IV **स्थानीय क्षेत्र विकास योजनाओं में वर्तमान क्षेत्रीकरण, यदि कोई हो**		
4.1	वर्तमान क्षेत्रीकरण	9
4.2	स्थानीय निकायों के वर्तमान दिशानिर्देश	9
अध्याय V **प्रथम अनुसूची एवं कुल स्टेशन सर्वेक्षण के अनुसार सूचना**		
5.1	संस्मारक की रूपरेखा योजना	10
5.2	सर्वेक्षित आंकड़ो का विश्लेषण	10
	5.2.1 प्रतिषिद्ध क्षेत्र और विनियमित क्षेत्र का विवरण	10
	5.2.2 निर्मित क्षेत्र का विवरण	10
	5.2.3 हरित/खुले क्षेत्रों का विवरण	10-11
	5.2.4 परिसंचरण के अंतर्गत आने वाला क्षेत्र - सड़कें, फुटपाथ, आदि	11
	5.2.5 भवनों की ऊंचाई (क्षेत्रवार)	11
	5.2.6 राज्य संरक्षित संस्मारक और सूचीबद्ध धरोहर भवन	11

	5.2.7 सार्वजनिक सुविधाएं	11
	5.2.8 संस्मारक तक सुसाध्यता	11
	5.2.9 अवसरंचनात्मक सेवाएं	11
	5.2.10 स्थानीय निकायों के दिशा-निर्देशों के अनुसार क्षेत्र का प्रस्तावित क्षेत्रीकरण	12
अध्याय VI **संस्मारक का वास्तुकला, ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व**		
6.1	वास्तुकला, ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व	13-14
6.2	संस्मारक की संवेदनशीलता	14
6.3	संरक्षित संस्मारक या क्षेत्र से दृश्यता और विनियमित क्षेत्र से दृश्यता	14
6.4	पहचान किये जाने वाले भू-उपयोग	14
6.5	संरक्षित संस्मारक के अतिरिक्त अन्य पुरातात्विक धरोहर अवशेष	14
6.6	सांस्कृतिक परिदृश्य	14
6.7	महत्वपूर्ण प्राकृतिक परिदृश्य	14-15
6.8	खुली जगह और निर्माण का उपयोग	15
6.9	पारंपरिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गतिविधियां	15
6.10	संस्मारक और विनियमित क्षेत्रों से दृश्यमान क्षितिज	15
6.11	पारंपरिक वास्तुकला	15
6.12	स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा यथा उपलब्ध विकासात्मक योजना	15
6.13	प्रस्तावित भवन संबंधी मानदंड	15-17
6.14	आगंतुक सुविधाएं और साधन	17
अध्याय VII **स्थल विशिष्ट संस्तुतियां**		
7.1	स्थल विशिष्ट संस्तुतियां	18
7.2	अन्य संस्तुतियॉ	18

CONTENTS

CHAPTER I **Preliminary**		
1.1	Short title, extent and commencements	19
1.2	Definitions	20-21
CHAPTER II **Background of the Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains (AMASR) Act, 1958**		
2.1	Background of The Act	22
2.2	Provisions of the Act related to Heritage Bye-laws	22
2.3	Rights and Responsibilities of the Applicant	22-23
CHAPTER III **Location and Setting of the Centrally Protected Monument – Bhubaneswari Temple, Tripura.**		
3.1	Location and Setting of the Monument	24
3.2	Protected boundary of the Monument	24
	3.2.1 Notification Map/ Plan as per ASI records	25
3.3	History of the Monument	25
3.4	Description of the Monument (architectural features, elements, materials etc.)	25
3.5	Current Status	25-26
	3.5.1 Condition of the Monument - condition assessment	26
	3.5.2 Daily footfalls and occasional gathering numbers	26
CHAPTER IV **Existing Zoning, if any, in the Local Area Development Plans**		
4.1	Existing Zoning	27
4.2	Existing Guidelines of the local bodies	27
CHAPTER V **Information as per First Schedule and Total Station Survey**		
5.1	Contour Plan	28
5.2	Analysis of surveyed data	28
	5.2.1 Prohibited Area and Regulated Area details	28
	5.2.2 Description of built up area	28
	5.2.3 Description of green/open spaces	28-29
	5.2.4 Area covered under circulation- roads, footpaths etc	29
	5.2.5 Heights of building (Zone wise)	29
	5.2.6 State protected monuments and listed Heritage Buildings	29
	5.2.7 Public amenities	29
	5.2.8 Access to monument	29
	5.2.9 Infrastructure services	30

	5.2.10 Proposed zoning of the area as per guidelines of the Local Bodies	30

CHAPTER VI **Architectural, Historical and Archaeological Value of the Monuments**		
6.1	Architectural, historical and archaeological value	31
6.2	Sensitivity of the Monument	32
6.3	Visibility from the Protected Monument or area and visibility from Regulated Area	32
6.4	Land-use to be identified	32
6.5	Archaeological heritage remains other than the protected monument	32
6.6	Cultural landscapes	32
6.7	Significant natural landscapes	33
6.8	Usage of open space and constructions	33
6.9	Traditional, historical and cultural activities	33
6.10	Skyline as visible from the monument and from Regulated Areas	33
6.11	Traditional architecture	33
6.12	Developmental plan as available by the local authorities	33
6.13	Proposed Building related parameters	33-35
6.14	Visitor facilities and amenities	35
CHAPTER VII **Site Specific Recommendations**		
7.1	Site Specific Recommendations	36
7.2	Other Recommendations	36

अनुलग्नक /Annexure

अनुलग्नक-I Annexure-I	भुवनेश्वरी मंदिर, त्रिपुरा की सर्वेक्षण योजना Survey Plan of Bhubaneswari Temple, Tripura	37
अनुलग्नक- II Annexure- II	भुवनेश्वरी मंदिर, त्रिपुरा की अधिसूचना Notification of Bhubaneswari Temple, Tripura	38-39
अनुलग्नक-III Annexure-III	स्थानीय निकायों के दिशानिर्देश Local Bodies Guidelines	40-47
अनुलग्नक-IV Annexure-IV	संस्मारक और उसके आस-पास के क्षेत्र के चित्र Images of the monument and the area surrounding the monument	48-49

भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण

प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष (धरोहर उप-विधि विनिर्माण और सक्षम प्राधिकारी के अन्य कार्य) नियम 2011 के नियम (22) के साथ पठित प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 की धारा 20ङ द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय संरक्षित संस्मारक, **"भुवनेश्वरी मंदिर, राजनगर, गोमती, त्रिपुरा"** के लिए निम्नलिखित धरोहर उप-विधि जिन्हें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), खड़गपुर के परामर्श से सक्षम प्राधिकारी द्वारा तैयार किया गया है, राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (प्राधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों की सेवा शर्तें और कार्य प्रणाली), नियम, 2011 के नियम 18 के उप नियम (2) द्वारा यथा अपेक्षित जनता से आपत्ति या सुझाव आमंत्रित करने के लिए एतद्द्वारा 11.08.2021 को प्रकाशित किया गया था।

यथा विनिर्दिष्ट दिनांक से पहले प्राप्त आपत्ति/सुझाव पर सक्षम प्राधिकारी के परामर्श से राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण द्वारा विधिवत विचार किया गया है।

इसलिए, अब प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 की धारा 20 ङ की उप-धारा (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण, निम्नलिखित उप-विधि बनाता है, नामत:

भुवनेश्वरी मंदिर, राजनगर, गोमती, त्रिपुरा के लिए धरोहर उप-विधि

अध्याय I
प्रारंभिक

1.1 संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ:-

(i) इन उप-विधियों को केंद्रीय संरक्षित संस्मारक- **भुवनेश्वरी मंदिर, राजनगर, गोमती, त्रिपुरा** के लिए राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण धरोहर उप-विधि, 2023 कहा जाएगा।

(ii) ये संस्मारक के सम्पूर्ण प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र तक लागू होंगी।

(iii) इन उप-विधियों के प्रावधान किसी भी अन्य उप-विधि में निहित असंगतता के बावजूद प्रभावी होंगे, चाहे इन उप-विधियों के प्रारंभ होने से पहले या बाद में बनाए गए हों, या किसी उप-विधि के आधार पर प्रभावी होने वाले किसी भी दस्तावेज़ में हों। इन उप-विधियों को किसी अन्य उप-विधि के अनुरूप बनाने के लिए इनमें संशोधन करना अनिवार्य नहीं होगा।

(iv) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होंगी।

1.2 परिभाषाएं :-

(1) इन उप-विधियों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, अधिनियम अथवा इसके तहत बनाए गए नियमों के तहत दिए अनुसार परिभाषाएं सुविधा की दृष्टि से यहां पुन: लिखी गई हैं:-

(क) "प्राचीन संस्मारक" से कोई संरचना, रचना या संस्मारक, या कोई स्तूप या स्थान या दफ़नगाह या कोई गुफा, शैल-मूर्ति, शिला-लेख या एकाश्मक जो ऐतिहासिक, पुरातत्वीय

या कलात्मक रुचि का है और जो कम से कम एक सौ वर्षों से विद्यमान है, अभिप्रेत है, और इसके अंतर्गत हैं -

(i) किसी प्राचीन संस्मारक के अवशेष,
(ii) किसी प्राचीन संस्मारक का स्थल,
(iii) किसी प्राचीन संस्मारक के स्थल से लगी हुई भूमि का ऐसा भाग जो ऐसे संस्मारक को बाड़ से घेरने या आच्छादित करने या अन्यथा परिरक्षित करने के लिए अपेक्षित हो, तथा
(iv) किसी प्राचीन संस्मारक तक पहुंचने और उसके सुविधाजनक निरीक्षण के साधन;

(ख) "पुरातत्वीय स्थल और अवशेष" से कोई ऐसा क्षेत्र अभिप्रेत है, जिसमें ऐतिहासिक या पुरातत्वीय महत्व के ऐसे भग्नावशेष या अवशेष हैं या जिनके होने का युक्तियुक्तरूप से विश्वास किया जाता है, जो कम से कम एक सौ वर्षों से विद्यमान है, और इनके अंतर्गत हैं-

(i) उस क्षेत्र से लगी हुई भूमि का ऐसा भाग जो उसे बाड़ से घेरने या आच्छादित करने या अन्यथा परिरक्षित करने के लिए अपेक्षित हो, तथा

(ii) उस क्षेत्र तक पहुंचने और उसके सुविधापूर्ण निरीक्षण के साधन;

(ग) "अधिनियम" से आशय प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 (1958 का 24) है;

(घ) "पुरातत्व अधिकारी" से भारत सरकार के पुरातत्व विभाग का कोई ऐसा अधिकारी अभिप्रेत है, जो सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद से निम्नतर पद (श्रेणी) का नहीं है;

(ड.) "प्राधिकरण" से अधिनियम की धारा 20च के अधीन गठित राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण अभिप्रेत है;

(च) "सक्षम प्राधिकारी" से केंद्र सरकार या राज्य सरकार के पुरातत्व निदेशक या पुरातत्व आयुक्त की श्रेणी से नीचे न हो या समतुल्य श्रेणी का ऐसा अधिकारी अभिप्रेत है, जो इस अधिनियम के अधीन कृत्यों का पालन करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, सक्षम प्राधिकारी के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया हो:

बशर्ते कि केंद्र सरकार सरकारी राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, धारा 20ग, 20घ और 20ङ के प्रयोजन के लिए भिन्न भिन्न सक्षम प्राधिकारी विनिर्दिष्ट कर सकेगी;

(छ) "निर्माण" से किसी संरचना या भवन का कोई परिनिर्माण अभिप्रेत है, जिसके अंतर्गत उसमें ऊर्ध्वाकार या क्षैतिजीय कोई परिवर्धन या विस्तारण भी है, किन्तु इसके अंतर्गत किसी विद्यमान संरचना या भवन का कोई पुन:निर्माण, मरम्मत और नवीकरण या नालियों और जलनिकास सुविधाओं तथा सार्वजनिक शौचालयों, मूत्रालयों और इसी प्रकार की सुविधाओं का निर्माण, अनुरक्षण और सफाई या जनता के लिए जलापूर्ति की व्यवस्था करने के लिए आशयित सुविधाओं का निर्माण और अनुरक्षण या जनता के लिए विद्युत की आपूर्ति और वितरण के लिए निर्माण या अनुरक्षण, विस्तारण, प्रबंध या जनता के लिये इसी प्रकार की सुविधाओं के लिए व्यवस्था शामिल नहीं हैं;

(ज) "तल क्षेत्र अनुपात (एफ.ए.आर.)" से आशय सभी तलों के कुल आवृत्त क्षेत्र का (पीठिका क्षेत्र) भूखंड (प्लाट) के क्षेत्रफल से भाग करके प्राप्त होने वाले भागफल से अभिप्रेत है;

तल क्षेत्र अनुपात = भूखंड क्षेत्र द्वारा विभाजित सभी तलों का कुल आवृत्त क्षेत्र;

(झ) "सरकार" से आशय भारत सरकार से है;

(ञ) अपने व्याकरणिक रूपों और सजातीय पदों सहित "अनुरक्षण" के अंतर्गत हैं किसी संरक्षित संस्मारक को बाड़ से घेरना, उसे आच्छादित करना, उसकी मरम्मत करना, उसका पुनरूद्धार करना और उसकी सफाई करना, और कोई ऐसा कार्य करना शामिल है जो किसी संरक्षित संस्मारक के परिरक्षण या उस तक सुविधाजनक पहुंच को सुनिश्चित करने के प्रयोजन के लिए आवश्यक है;

(ट) "स्वामी" के अंतर्गत हैं-

(i) संयुक्त स्वामी जिसमें अपनी ओर से तथा अन्य संयुक्त स्वामियों की ओर से प्रबंध करने की शक्तियॉ निहित हैं और किसी ऐसे स्वामी के हक-उत्तराधिकारी, तथा

(ii) प्रबंध करने की शक्तियों का प्रयोग करने वाला कोई प्रबंधक या न्यासी और ऐसे किसी प्रबंधक या न्यासी का पद में उत्तराधिकारी;

(ठ) "विहित" से इस अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है:

(ड) "प्रतिषिद्ध क्षेत्र" से धारा 20 (क) के अधीन प्रतिषिद्ध क्षेत्र के रूप में विनिर्दिष्ट क्षेत्र या घोषित किया गया कोई क्षेत्र अभिप्रेत है;

(ढ) "संरक्षित क्षेत्र" से कोई ऐसा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अभिप्रेत है, जिसे इस अधिनियम के द्वारा या उसके अधीन राष्ट्रीय महत्व का होना घोषित किया गया है;

(ण) "संरक्षित संस्मारक" से कोई ऐसा प्राचीन संस्मारक अभिप्रेत है, जिसे इस अधिनियम के द्वारा या उसके अधीन राष्ट्रीय महत्व का होना घोषित किया गया है;

(त) "विनियमित क्षेत्र" से इस अधिनियम की धारा 20ख के अधीन विनिर्दिष्ट या घोषित (किया गया विनियमित क्षेत्र) अभिप्रेत है;

(थ) "पुन:निर्माण" से किसी संरचना या भवन का उसकी पूर्व विद्यमान संरचना में ऐसा कोई परिनिर्माण अभिप्रेत है, जिसकी क्षैतिजीय और ऊर्ध्वाकार सीमाएं समान हैं;

(द) "मरम्मत और पुनरुद्धार" से किसी पूर्व विद्यमान संरचना या भवन के परिवर्तन अभिप्रेत हैं, किन्तु इसके अंतर्गत निर्माण या पुन:निर्माण नहीं होंगे।

(2) इसमें प्रयुक्त और परिभाषित नहीं किए गए शब्दों और अभिव्यक्तियों का आशय वही अर्थ होगा जैसा अधिनियम अथवा इसके तहत बनाए गए नियमों में समनुदेशित किया गया है।

अध्याय II

प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष (एएमएएसआर) अधिनियम,1958 की पृष्ठभूमि

2.1 अधिनियम की पृष्ठभूमि:

धरोहर उप-विधियों का उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा संरक्षित संस्मारकों की सभी दिशाओं में 300 मीटर के अंदर भौतिक, सामाजिक और आर्थिक दखल के बारे में मार्गदर्शन देना है। 300 मीटर के क्षेत्र को दो भागों में बॉटा गया है (i) **प्रतिषिद्ध क्षेत्र**, यह क्षेत्र संरक्षित क्षेत्र अथवा संरक्षित संस्मारक की सीमा से शुरू होकर सभी दिशाओं में एक सौ मीटर की दूरी तक फैला है और (ii) **विनियमित क्षेत्र**, यह क्षेत्र प्रतिषिद्ध क्षेत्र की सीमा से शुरू होकर सभी दिशाओं में दो सौ मीटर की दूरी तक फैला है।

अधिनियम के उपबंधों के अनुसार, कोई भी व्यक्ति संरक्षित क्षेत्र और प्रतिषिद्ध क्षेत्र में किसी प्रकार का निर्माण अथवा खनन का कार्य नहीं कर सकता जबकि ऐसा कोई भवन अथवा संरचना जो प्रतिषिद्ध क्षेत्र में 16 जून, 1992 से पूर्व मौजूद था अथवा जिसका निर्माण बाद में महानिदेशक (डीजी), भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की अनुमति से हुआ था, और विनियमित क्षेत्र में किसी भवन अथवा संरचना का निर्माण, पुन:निर्माण, मरम्मत अथवा पुनरुद्धार की अनुमति सक्षम प्राधिकारी से लेना अनिवार्य है।

2.2 धरोहर उप-विधियों से संबंधित अधिनियम के उपबंध:

प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम,1958 की धारा 20ङ और प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष नियम (धरोहर उप-विधियों का विनिर्माण और सक्षम प्राधिकारी के अन्य कार्य) नियम 2011 के नियम 22 में केंद्रीय संरक्षित संस्मारकों के लिए उप-विधि बनाना विनिर्दिष्ट है। नियम में धरोहर उप-विधि बनाने के लिए मापदंडों का प्रावधान है। राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (अध्यक्ष और सदस्यों की सेवा शर्तें तथा कार्य संचालन) नियम, 2011 के नियम 18 में प्राधिकरण द्वारा धरोहर उप विधि के अनुमोदन की प्रक्रिया विनिर्दिष्ट है।

2.3 आवेदक के अधिकार और जिम्मेदारियां:

प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 की धारा 20ग में प्रतिषिद्ध क्षेत्र में मरम्मत और नवीकरण के लिए अथवा विनियमित क्षेत्र में निर्माण अथवा पुन: निर्माण अथवा मरम्मत अथवा नवीकरण के लिए नीचे दिये गये अनुसार आवेदन का ब्यौरा दिया गया है।

क कोई भी व्यक्ति, जो किसी भवन या संरचना का स्वामी है, जो 16 जून, 1992 से पहले प्रतिषिद्ध क्षेत्र में मौजूद थी, या जिसे बाद में महानिदेशक, एएसआई की मंजूरी के साथ बनाया गया था और जो ऐसे किसी भी भवन या संरचना की मरम्मत या नवीकरण का कार्य करना चाहता है तो वह ऐसी मरम्मत और नवीकरण, जैसा भी मामला हो, करने के लिए सक्षम प्राधिकारी को आवेदन कर सकता है।

ख कोई व्यक्ति जो किसी विनियमित क्षेत्र में किसी भवन अथवा संरचना अथवा भूमि का स्वामी है और ऐसी भूमि पर कोई निर्माण अथवा पुनर्निर्माण अथवा मरम्मत अथवा नवीकरण, जैसा भी मामला हो, करना चाहता है तो वह निर्माण अथवा पुनर्निर्माण अथवा

मरम्मत अथवा नवीकरण जैसा भी मामला हो, के लिए सक्षम प्राधिकारी को आवेदन कर सकता है।

ग सभी संबंधित सूचना प्रस्तुत करने तथा राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा सदस्यों की सेवा की शर्तें और कार्यप्रणाली) नियम, 2011 के अनुपालन की जिम्मेदारी आवेदक की होगी।

अध्याय III

केंद्रीय संरक्षित संस्मारक- भुवनेश्वरी मंदिर, त्रिपुरा का स्थान एवं अवस्थिति

3.1 संस्मारक का स्थान एवं अवस्थिति:

संस्मारक जीपीएस **23°32'30"**, उत्तरी अंक्षाश एवं **91°30'16"** पूर्वी देशांतर पर स्थित है। यह संस्मारक त्रिपुरा के गोमती जिले के उदयपुर के राजनगर इलाके में स्थित है। यह संस्मारक गोमती नदी से पश्चिम की ओर लगभग 80 मीटर की दूरी पर है और संस्मारक के पूर्व में राजबाड़ी का पुराना महल स्थित है। यह उदयपुर नगर परिषद क्षेत्र में स्थित है।

संस्मारक के आस-पास का क्षेत्र एक ग्रामीण परिवेश वाला है, जिसमें घनी हरियाली और वृक्षों के आवरण के साथ-साथ कम ऊंचाई वाली झोपड़ियों और संरचनाओं वाली खुली भूमि बड़ी संख्या में मौजूद है। संस्मारक के नजदीक अनगिनत तालाब/जलाशय हैं जिन्हें माणिक्य राजाओं ने अपने शासनकाल के दौरान बनवाया था, जिसके कारण उदयपुर को 'झीलों का नगरी' भी कहा जाता है।

चित्र 1: गूगल मानचित्र में संरक्षित, प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र, इलाके- राजनगर, जिला-गोमती के साथ-साथ भुवनेश्वरी मंदिर का स्थान दर्शाया गया है।

3.2 संस्मारक की संरक्षित चारदीवारी :

केंद्रीय संरक्षित संस्मारक - भुवनेश्वरी मंदिर, राजनगर, त्रिपुरा की संरक्षित सीमाएँ **अनुलग्नक- I** में देखी जा सकती हैं।

3.2.1 एएसआई अभिलेखों के अनुसार अधिसूचना मानचित्र/योजना:

भुवनेश्वरी मंदिर, त्रिपुरा की राजपत्र अधिसूचना **अनुलग्नक-II** में देखी जा सकती है।

3.3 संस्मारक का इतिहास:

राजनगर, उदयपुर, जिला गोमती में गोमती नदी के तट पर स्थित, भुवनेश्वरी मंदिर राजबाड़ी या महाराजा गोविंद माणिक्य (1660-76 ई.) द्वारा निर्मित शाही महल के निकट स्थित है जो अब खंडहर हो चुका है।

उदयपुर, जिसे तब रंगमती के नाम से जाना जाता था, त्रिपुरा की तत्कालीन रियासत की पहली राजधानी थी। इतिहास गवाह है कि महाराजा गोविंद माणिक्य 1660 ई. में सिंहासन पर बैठे लेकिन उनके सौतेले भाई छत्र माणिक्य ने उन्हें अगले वर्ष हटा दिया। महाराजा ने 1667 ई. में दोबारा गद्दी संभाली और 1675 ई. तक शासन किया, इस दौरान उन्होंने यह मंदिर बनवाया और इसे देवी भुवनेश्वरी को समर्पित किया। इस मंदिर का ऐतिहासिक महत्व यह है कि इसका साहित्यिक संदर्भ महान कवि रवींद्रनाथ टैगोर के उपन्यास राजर्षि और प्रसिद्ध गीत नाटक बिसर्जन जैसी रचनाओं में मिलता है।

महाराजा कृष्ण माणिक्य के शासनकाल के दौरान उदयपुर ने राजधानी होने का अपना गौरव 1760 ई में खो दिया, जब राजधानी को पुराने अगरतला में स्थानांतरित कर दिया गया। हालाँकि, उदयपुर का ऐतिहासिक महत्व अभी भी बहुत अधिक है। उस युग के कई ऐतिहासिक संस्मारक धुंधले हो गए थे, हालाँकि प्राचीन मुहरें, पत्थर के शिलालेख और दस्तावेज़ जैसे कई साक्ष्य अभी भी सांस्कृतिक रूप से जीवंत क्षेत्र के प्रमाण के रूप में मौजूद हैं।

3.4 संस्मारक का विवरण (वास्तुशिल्पीय विशेषताएं, तत्व, सामग्रियाँ आदि):

मंदिर की स्थापत्य विशेषताएं आम तौर पर बंगाल की वास्तुकला की *चार चाला शैली से मिलती जुलती हैं।* यह मंदिर 3 फीट ऊंचे चबूतरे पर बना है। कक्ष अंतराला(वेस्टिब्यूल) से जुड़ा है और आगे के हिस्से पर एक एकल मेहराबदार प्रवेशद्वार है। इसमें चार पतली लकड़ी की कड़ियाँ हैं जो कक्ष के चारों कोनों पर लगी हुई हैं और अन्य दो कड़ियाँ अंतराला के सामने के कोने पर लगी हुई हैं। मंदिर में एक घुमावदार छत है जिसमें एक पंखुड़ी है जो *अंतराला* (वेस्टिब्यूल) और गर्भगृह के शीर्ष पर एक मन्नत स्तूप जैसी दिखती है। मुख्य कक्ष पर स्तूप जैसा दिखने वाला ढांचा पुष्प डिजाइन से सजाया गया है। यह मंदिर एक अजीवित संस्मारक है और इसकी ऊंचाई 10.40 मीटर है।

मंदिर की दीवार के सभी किनारों को रैखिक खंडों और दीवारों के शीर्ष भाग पर नक्काशीदार पुष्प रूपांकनों से सजाया गया है।

मंदिर के निर्माण में ईंट और चूने के गारे का उपयोग किया गया है। ईंटों से बनी दीवार से इस प्राचीन परिसर की चारो तरफ से चारदीवारी की गयी है।

3.5 वर्तमान स्थिति

3.5.1 संस्मारक की स्थिति - स्थिति का आकलन

केंद्रीय संरक्षित संस्मारक और उसके संरक्षित क्षेत्रों का रखरखाव और संरक्षण करना पूरी तरह से एएसआई के अधिकार क्षेत्र मैं है। संस्मारक की वर्तमान स्थिति को दर्शाने वाली तस्वीरें **अनुलग्नक-IV** में संलग्न हैं।

3.5.2 प्रतिदिन आने वाले और कभी- कभार एकत्रित होने वाले आगंतुकों की संख्या

मंदिर एक बिना टिकट वाला संस्मारक है और जनता के दर्शन के लिए खुला रहता है। यहाँ प्रतिदिन औसतन 100-300 आगंतुक आते हैं। संस्मारक में किसी खास मौके पर कोई भीड़ नहीं जुटती है।

अध्याय IV

स्थानीय क्षेत्र विकास योजनाओं में वर्तमान क्षेत्रीकरण, यदि कोई हो

4.1 वर्तमान क्षेत्रीकरण:

स्थानीय अधिकारियों द्वारा अभी तक कोई मौजूदा ज़ोनिंग परिभाषित नहीं की गई है।

4.2 स्थानीय निकायों के वर्तमान दिशानिर्देश :

त्रिपुरा शहरी विकास प्राधिकरण के अनुसार वर्तमान स्थानीय भवन उपविधि, त्रिपुरा भवन नियम-2017 को **अनुलग्नक-III** में देखा जा सकता है।

अध्याय V

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के रिकॉर्ड में परिभाषित सीमाओं के आधार पर प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्रों की प्रथम अनुसूची, नियम 21(1)/कुल स्टेशन सर्वेक्षण के अनुसार सूचना

5.1 भुवनेश्वरी मंदिर, राजनगर, गोमती, त्रिपुरा की रूपरेखा योजना/सर्वेक्षण योजना

भुवनेश्वरी मंदिर, राजनगर, गोमती, त्रिपुरा की सर्वेक्षण योजना **अनुलग्नक-I** में देखी जा सकती है।

5.2 सर्वेक्षित आंकड़ों का विश्लेषण:

5.2.1 प्रतिषिद्ध क्षेत्र और विनियमित क्षेत्र का विवरण:

- संरक्षित क्षेत्र (लगभग): 788.163 वर्गमीटर।
- प्रतिषिद्ध क्षेत्र (लगभग): 42383.722 वर्गमीटर।
- विनियमित क्षेत्र (लगभग): 273232.503 वर्गमीटर।

5.2.2 निर्मित क्षेत्र का विवरण:

प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र: मंदिर के आसपास सभी दिशाओं में प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र में बहुत कम निर्मित ढांचे दिखते हैं।

उत्तर: प्रतिषिद्ध क्षेत्र के उत्तर-पश्चिम में मौजूद कुछ बेहद थोड़े कम ऊंचाई वाले ढांचों को छोड़कर इस दिशा में कोई महत्वपूर्ण निर्माण कार्य मौजूद नहीं है। इस दिशा में मुख्य रूप से बेतरतीब उगी हुई घास वाले बड़े पैमाने पर खाली भूमि के भूखंड मौजूद हैं।

पूर्व : पुरानी राजबाड़ी या राजा का पुराना महल प्रतिषिद्ध क्षेत्र में संस्मारक के पूर्व की ओर मौजूद है। संस्मारक के विनियमित क्षेत्र में पूर्व दिशा में तालाब के किनारे 3-7 मीटर की ऊंचाई तक की कुछ कम ऊंचाई वाली आवासीय और वाणिज्यिक संरचनाएं मौजूद हैं।

दक्षिण: इस दिशा में 3 से 4 मीटर तक की ऊंचाई वाली पक्की और कच्ची दोनों प्रकार की बहुत कम तादाद में निर्मित संरचनाएं (आवासीय और वाणिज्यिक) मौजूद हैं जो मुख्य रूप से ग्रामीण परिवेश वाली हैं।,

पश्चिम: दक्षिण पश्चिम में गोमती नदी के किनारे, 3 से 10 मीटर तक की कम ऊंचाई वाली आवासीय इमारतें हैं, गोमती नदी के डूब वाले इलाके में बेतरतीब उगी घास वाले खुले स्थान हैं।

5.2.3 हरे/खुले क्षेत्रों का विवरण:

प्रतिषिद्ध क्षेत्र और विनियमित क्षेत्र

उत्तर: इस दिशा में घने वन क्षेत्र और बेतरतीब उगी घास के खुले स्थान मौजूद हैं।

पूर्व: इस दिशा में मुख्य रूप से बेतरतीब उगी घास और तालाब/जलाशय वाले खुले स्थान मौजूद हैं।

दक्षिण: इस दिशा में गोमती नदी, खेल का मैदान, पार्क और बेतरतीब उगी घास वाले खुले स्थान मौजूद हैं ।

पश्चिम: गोमती नदी, कम बेतरतीब उगी घास वाले खुले स्थान और घना जंगल है। इस दिशा में बेतरतीब उगी घास वाले बहुत कम खुले स्थान मौजूद हैं।

5.2.4 परिसंचरण के अंतर्गत आने वाला क्षेत्र - सड़कें, फुटपाथ आदि:

संस्मारक तक एक संकरी सड़क से पहुंचा जा सकता है। परिवहन का प्राथमिक साधन मोटरसाइकिल, स्कूटर, साइकिल, कार, ऑटो-रिक्शा आदि हैं।

5.2.5 भवनों की ऊंचाई (क्षेत्रवार):

- **उत्तर:** कम ऊँचाई वाली निर्मित संरचनाएँ जिनकी ऊँचाई 3-4 मीटर तक होती है।
- **पूर्व:** कम ऊँचाई वाली निर्मित संरचनाएँ जिनकी ऊँचाई 3-6 मीटर तक होती है।
- **दक्षिण:** कम ऊँचाई वाली निर्मित संरचनाएँ जिनकी ऊँचाई 3-4 मीटर तक होती है।
- **पश्चिम:** कम ऊँचाई वाली निर्मित संरचनाएँ जिनकी ऊँचाई 3-10 मीटर तक होती है।

5.2.6 प्रतिषिद्ध/विनियमित क्षेत्र के भीतर, स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा राज्य संरक्षित संस्मारक और सूचीबद्ध धरोहर भवन, यदि उपलब्ध हो तो:

राजबाडी, जिसे गोविंद माणिक्य महल के नाम से भी जाना जाता है, एक ऐतिहासिक संस्मारक है, जो कि संस्मारक के पूर्व में प्रतिषिद्ध क्षेत्र में स्थित है। महल योजना में एल-आकार का है, लंबी धुरी उत्तर से दक्षिण की ओर है और छोटी धुरी जो सामने या दक्षिण की ओर से पूर्व की ओर थोड़ी ढलान पर है।

भुवनेश्वरी मंदिर के निकट दो अन्य केंद्रीय संरक्षित संस्मारक मौजूद हैं, जिनके नाम हैं - गुणवती मंदिर समूह और चतुर्दश देवता मंदिर जो दक्षिण-पश्चिम में गोमती नदी के पार स्थित है।

5.2.7 सार्वजनिक सुविधाएं:

आगंतुकों के लिए संस्मारक की संरक्षित सीमा के भीतर सुनियोजित फुटपाथ, बेंच और कूड़ेदान मौजूद हैं। हालाँकि पार्किंग की सुविधा संस्मारक के बाहर मौजूद है। संस्मारक में और उसके आसपास शौचालय, पानी पीने की सुविधा और छतदार बैठने की जगह जैसी सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं।

5.2.8 संस्मारक तक सुसाध्यता:

यह संस्मारक त्रिपुरा के गोमती जिले में स्थित है। यह उदयपुर- पित्रा रोड (450 मीटर, दक्षिण-पूर्व) से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। परिवहन का प्राथमिक साधन मोटरसाइकिल, स्कूटर, साइकिल, कार, ऑटो-रिक्शा आदि हैं।

5.2.9 अवसरंचनात्मक सेवाएँ (जल आपूर्ति, वर्षा -जल निकासी, सीवेज, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पार्किंग आदि):

संस्मारक के संरक्षित क्षेत्र के पास नालियों और स्ट्रीट लाइटों को छोड़कर ऐसी कोई बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। हालाँकि, संस्मारक के बाहर मुख्य द्वार के पास पार्किंग की जा सकती है।

5.2.10 स्थानीय निकायों के दिशानिर्देशों के अनुसार क्षेत्र का प्रस्तावित क्षेत्रीकरण :

स्थानीय अधिकारियों के पास कोई विकास योजना उपलब्ध नहीं है; इसलिए दिए गए क्षेत्र के लिए किसी प्रस्तावित ज़ोनिंग की पहचान नहीं की जा सकती।

अध्याय VI

संस्मारक का वास्तुकला, ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व

6.1 वास्तुकला, ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व:

वास्तुशिल्पीय महत्व –

यह मंदिर परिसर बंगाल की वास्तुकला की विशिष्टता *चार चाला* (चार तरफ ढलान वाली छत) मंदिर की वास्तुकला की विशिष्ट त्रिपुरा शैली का प्रतिनिधित्व करता है। यह मंदिर एक ऊंचे चबूतरे पर ईंट और चूने से बनाया गया है। कक्ष अंतराला(वेस्टिब्यूल) से जुड़ा है और आगे के हिस्से पर एक एकल मेहराबदार प्रवेशद्वार है। इसमें लकड़ी की चार पतली कड़ियाँ लगी हैं जो कक्ष के चारों कोनों से जुड़ी हुई हैं और अन्य दो लकड़ी की कड़ियाँ अंतराला(वेस्टिब्यूल) के सामने के कोने पर लगी हुई हैं। मंदिर की दीवार के सभी किनारों को रैखिक खंडों से सजाया गया है। मंदिर की छत घुमावदार है जो स्तूपिका आकार की है और यह *अंतराला* (वेस्टिब्यूल) और गर्भगृह के शीर्ष पर एक मन्नत स्तूप जैसी दिखती है।

त्रिपुरा के मंदिरों का स्थापत्य महत्व इसका भारत में बेजोड़ मंदिर वास्तुकला की एक नई शैली में योगदान है; जो कि धार्मिक वास्तुकला में अभिव्यक्ति के ब्राह्मणवादी और बौद्ध तौर-तरीकों का संयोजन है। असम, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के *चालों* या *रत्नों* के विपरीत; त्रिपुरा के मंदिरों में झोपड़ी के आकार की छतों पर मन्नत स्तूपों का उपयोग किया जाता था।

ऐतिहासिक महत्व –

महाराजा गोविंद माणिक्य (1660-75 ई.) द्वारा निर्मित राजनगर, उदयपुर, जिला गोमती में गोमती नदी के दाहिने तट पर स्थित भुवनेश्वरी मंदिर बड़े महल के निकट स्थित है।

इतिहास गवाह है कि महाराजा गोविंद माणिक्य 1660 ई. में सिंहासन पर बैठे थे लेकिन उनके सौतेले भाई छत्र माणिक्य ने अगले वर्ष उन्हें गद्दी से हटा दिया। महाराजा ने 1667 ई. में दोबारा गद्दी संभाली और 1675 ई. तक शासन किया, इस दौरान उन्होंने मंदिर बनवाया और इसे देवी भुवनेश्वरी को समर्पित किया। इस मंदिर का ऐतिहासिक महत्व यह है कि इसका साहित्यिक संदर्भ महान कवि रवींद्रनाथ टैगोर के उपन्यासों और नाटकों में मिलता है। प्रसिद्ध उपन्यास राजर्षि और प्रसिद्ध गीत नाटक बिसर्जन की पृष्ठभूमि की कल्पना कवि ने भुवनेश्वरी मंदिर के उपाख्यान की गवाही देते हुए की थी। ये सभी अवशेष यहाँ की भूमि और क्षेत्र के लोगों के समृद्ध ऐतिहासिक अतीत का प्रमाण देते हैं।

पुरातात्विक महत्व –

यह ध्यान दिया जा सकता है कि कार्य-स्थल पर अभी तक कोई ज्ञात पुरातात्विक अवशेष नहीं मिला है। हालाँकि, पुराने राजबाड़ी और निकटवर्ती स्थित चतुर्दश देवता के मंदिरों और गुणवती मंदिर समूह के साथ-साथ भुवनेश्वरी मंदिर के संयोजन से त्रिपुरा साम्राज्य की तत्कालीन राजधानी के दबे हुए साक्ष्य सामने आ सकते हैं, जिसकी राजधानी उदयपुर थी। स्मारकों का उच्च ऐतिहासिक महत्व भी हो सकता है जो वर्तमान में बहुत अच्छी तरह से दर्ज नहीं किया गया है लेकिन आगे के शोध से इसके ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व को स्थापित किया जा सकता है।

6.2 संस्मारक की संवेदनशीलता (जैसे विकासात्मक दबाव, शहरीकरण, जनसंख्या दबाव, आदि):

यह संस्मारक आधुनिक और स्थानीय सामग्री से बनी कम ऊंचाई वाली संरचनाओं से घिरा हुआ है। कुछ निर्मित संरचनाओं के साथ-साथ काफी बड़े खुले स्थानों, पार्कों, वन क्षेत्रों के कारण संस्मारक की अवस्थिति काफी हद तक बरकरार रही है। इस क्षेत्र की देख-रेख की जानी चाहिए ताकि भविष्य में संस्मारक की इस प्राकृतिक अवस्थिति को संरक्षित रखा जा सके।

6.3 संरक्षित संस्मारक या क्षेत्र से दृश्यता और विनियमित क्षेत्र से दृश्यता:

प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र की सभी दिशाओं से संस्मारक की दृश्यता - संस्मारक प्रतिषिद्ध क्षेत्र की अधिकतर दिशाओं से आंशिक रूप से दिखाई देता है क्योंकि कुछ हिस्से ऊंचे पेड़ों और अन्य प्रकार की बेतरतीब उगी हुई घास के आवरण के कारण छिपे दिखाई देते हैं।

संस्मारक से दृश्यता - संस्मारक से सभी दिशाओं में, क्षितिज पर घने हरे आवरण और ऊंचे पेड़ हैं। संस्मारक के बिलकुल आसपास की कुछ एक- मंजिला संरचनाएँ पूर्व दिशा में मंदिर की सीमा के साथ भी दिखाई देती हैं।

6.4 पहचान किए जाने वाले भू-उपयोग:

स्थानीय अधिकारियों द्वारा कोई निर्दिष्ट भूमि उपयोग की पहचान नहीं की गई है, हालांकि संस्मारक के पास का क्षेत्र ज्यादातर आवासीय, कृषि और मनोरंजक उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जाता है।

6.5 संरक्षित संस्मारक के अतिरिक्त अन्य पुरातात्विक धरोहर अवशेष:

संस्मारक के पास कोई ज्ञात पुरातात्विक धरोहर का अवशेष मौजूद नहीं है।

6.6 सांस्कृतिक परिदृश्य:

शहर का एक महत्वपूर्ण चरित्र इसकी बड़ी झीलें और तालाब और त्रिपुरा की सबसे पवित्र नदी गोमती नदी है। इस शहर को 'झील नगरी' के नाम से भी जाना जाता है, यहां अमर सागर, जगन्नाथ दिघी, धानी सागर और महादेव दिघी जैसी कई बड़ी झीलें हैं। झीलों के अलावा आसपास के क्षेत्र में कई बड़े टैंक हैं, उनमें से अनेक की देखभाल नहीं की गयी है और कुछ गाद के कारण समाप्त हो गए हैं। मंदिर वास्तुकला की त्रिपुरा शैली में निर्मित अन्य मंदिर एक दूसरे के निकट मौजूद हैं, जिनमे चतुर्दश का देवता मंदिर और गुणवती मंदिरों का समूह शामिल है। इन मंदिरों को त्रिपुरा साम्राज्य के माणिक्य राजाओं द्वारा संरक्षण दिया गया था और आज ये उदयपुर, त्रिपुरा के इस हिस्से के सांस्कृतिक परिदृश्य का हिस्सा हैं।

6.7 महत्वपूर्ण प्राकृतिक परिदृश्य जो सांस्कृतिक परिदृश्य का हिस्सा हैं और संस्मारक को पर्यावरण प्रदूषण से बचाने में भी मदद करते हैं:

यह संस्मारक गोमती नदी के तट के निकट स्थित है और सुंदर तालाबों और हरियाली से घिरा हुआ है, जो क्षेत्र के लिए प्राकृतिक परिदृश्य का एक हिस्सा है और मनोरंजन उद्देश्यों के लिए इनका उपयोग किया जाता है। ये संस्मारक के आसपास वायु और ध्वनि प्रदूषण को भी नियंत्रित और विनियमित करते हैं।

6.8 खुली जगह और निर्माण का उपयोग:

संस्मारक के पास का क्षेत्र ग्रामीण स्वरूप का है और इसमें कम ऊँची झोपड़ियाँ/निर्मित संरचनाएँ हैं। मंदिर के चारों ओर पर्याप्त खुली जगहें हैं जिनका उपयोग पार्क और पिकनिक स्थल जैसे मनोरंजक उद्देश्यों के लिए किया जाता है जबकि अन्य खुली जगहें घनी वनस्पति और वन आवरण से ढकी हुई हैं।

6.9 पारंपरिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गतिविधियाँ:

कोई भी पारंपरिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गतिविधियाँ संस्मारक या उसके आसपास से जुड़ी नहीं हैं। हालाँकि, हर साल रवीन्द्र नाथ टैगोर की जयंती पर, राजबाड़ी महल में एक उत्सव/मेला मनाया जाता है, जो संस्मारक के करीब है। संस्मारक के बहुत करीब में रबींद्रनाथ टैगोर, जो पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा में समान रूप से एक प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं, की एक प्रतिमा है और यहाँ बड़ी संख्या में आगंतुक आया करते हैं।

6.10 संस्मारक और विनियमित क्षेत्रों से दृश्यमान क्षितिज:

यह संस्मारक एक शांत ग्रामीण परिवेश में स्थित है, जहां से आसपास के जलाशयों, सड़कों, हरे-भरे कुछ हिस्सों और कम ऊंचाई वाली इमारतों का दृश्य दिखाई देता है।

6.11 पारंपरिक वास्तुकला:

वर्तमान समय में आसपास के क्षेत्र में कोई पारंपरिक वास्तुकला नहीं देखी गई है। निकटवर्ती क्षेत्र में गुणवती मंदिर समूह और चतुर्दश का देवता मंदिर विशिष्ट त्रिपुरा मंदिर वास्तुकला के प्रमुख उदाहरण हैं जो माणिक्य राजाओं द्वारा संरक्षित *चार- चाल शैली को प्रदर्शित करते हैं।*

6.12 स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा यथा उपलब्ध विकासात्मक योजना:

स्थानीय प्राधिकरणों के पास कोई विकासात्मक योजना उपलब्ध नहीं है।

6.13 प्रस्तावित भवन संबंधी मानदंड:

<u>प्रतिषिद्ध क्षेत्र</u> –

एएमएएसआर अधिनियम के अनुसार, केंद्रीय संरक्षित संस्मारक के 100 मीटर के दायरे में किसी भी नए निर्माण की अनुमति नहीं होगी।

<u>मरम्मत और नवीनीकरण:</u>

आंतरिक परिवर्तन और अनुकूली पुन: उपयोग की आम तौर पर अनुमति दी जा सकती है, हालांकि, बाहरी परिवर्तन सक्षम प्राधिकारी से जांच और अनुमति के अधीन होंगे। इन परिवर्तनों में रेट्रोफिटिंग/नवीनीकरण शामिल हो सकता है जिसकी अनुमति तब दी जा सकती है जब इमारत संरचनात्मक रूप से कमजोर या असुरक्षित हो या जब यह किसी प्राकृतिक आपदा से प्रभावित हो और नवीकरण नितांत आवश्यक हो।

निर्मित/खुले स्थान संबंधों के साथ-साथ मूल भवन शब्दावली और भवन आयोजना का पालन किया जाना चाहिए। सक्षम प्राधिकारी से अनुमति के अधीन इमारतों की सामान्य मरम्मत और रखरखाव की अनुमति दी जाएगी।

संरचनाओं की मरम्मत और नवीनीकरण आस-पास के क्षेत्रों की धरोहर विशेषताओं के साथ मेल-खाता और उसके अनुरूप होना चाहिए। अल्यूमिनियम कंपोजिट पैनल (एसीपी), उच्च दाब लैमिनेट्स (एचपीएल), टाइलिंग आदि या ग्लेज़िंग जैसी नई क्लैडिंग सामग्री की अनुमति नहीं दी जाएगी।

पुनर्निर्माण :

पुनर्निर्माण को एएमएएसआर अधिनियम, 1958 की धारा 2(त) में परिभाषित किया गया है, विनियमित क्षेत्र में निर्माण की अनुमति एएमएएसआर अधिनियम, 1958 की धारा 20ग(2) और एएमएएसआर नियम,2011 के नियम 6(IV)और नियम 7 के अनुसार दी जाती है। प्राकृतिक आपदाओं से क्षति के मामले में, पुनर्निर्माण की अनुमति एएमएएसआर नियम, 2011 के नियम 16 के अनुसार दी जाती है। पुनर्निर्माण के मामले में पुरानी इमारत के प्रतिस्थापन के रूप में नई संरचना या इमारत को पहले से मौजूद संरचना के अनुसार उसी क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर सीमाओं का पालन करना होगा। अग्रभाग में असंगत सामग्री जैसे ग्लेज़िंग, मेटल क्लैडिंग, एल्युमीनियम कम्पोजिट पैनल (एसीपी), हाई प्रेशर लैमिनेट्स (एचपीएल), टाइल्स, लैमिनेट्स आदि के उपयोग की अनुमति नहीं है। नई संरचना आसपास के क्षेत्र के धरोहर स्वरूप के साथ मेल खाती और उसके अनुरूप होनी चाहिए।

विनियमित क्षेत्र –

क) प्रस्तावित स्थल पर निर्माण की अनुमेय ऊंचाई (ममटी, पैरापेट आदि जैसी छत पर बनी संरचनाओं सहित):

संस्मारक के विनियमित क्षेत्र में सभी भवनों की ऊंचाई की सीमा **7.5 मीटर** से अधिक नहीं होगी। तलघर निर्माण की अनुमति नहीं होगी।

ख) भू-आच्छादन:

भूखंड के भू-आच्छादन में स्थानीय भवन दिशा निर्देशों का पालन किया जायेगा।

ग) उपयोग:

(i) स्थानीय भवन उप-नियमों के अनुसार कोई भूमि उपयोग निर्दिष्ट नहीं है।

(ii) क्षेत्र में कम ऊंचाई वाली आवासीय इमारतों, कुछ स्थानीय दुकानें आदि की वर्तमान व्यवस्था का पालन किया जाना है।

(iii) संस्मारक के विनियमित और प्रतिषिद्ध क्षेत्र में जलाशयों द्वारा आच्छादित क्षेत्र वर्तमान स्वरूप में बनाए रखा जाएगा और इसे किसी भी तरह से बदला नहीं जाएगा।

(iv) प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्रों में सभी गतिविधियां संस्मारक के भावनात्मक महत्व को क्षति पहुंचाए बिना सद्भावपूर्ण रूप में की जाएंगी जैसे कि धार्मिक संस्मारकों की बगल मैं मांस की दुकान या शराब की दुकानों की अनुमति नहीं होगी।

घ) अग्रभाग डिजाइन:

(i) नए निर्माण के भवन अग्रभाग में पारंपरिक वास्तुशिल्प तत्वों का उपयोग शामिल किया जाना चाहिए।

(ii) अग्रभाग सादे और न्यूनतम अभिकल्प के साथ सूक्ष्म और सरल होना चाहिए।

(iii) इमारत का अभिकल्प आसपास के मौजूदा धरोहर स्वरूप से अलग नहीं होना चाहिए या उस पर हावी नहीं होना चाहिए।

(iv) चमकदार फिनिश और सामग्री जैसे अल्यूमिनियम कंपोजिट पैनल, उच्च दाब लैमिनेट्स (एचपीएल) आदि, को धरोहर क्षेत्र की विशेषता नहीं माना जाता है और इनसे बचा जाना चाहिए।

(v) तारों और पाइपों को छुपाया जाना चाहिए और इनसे आसपास के सामंजस्यपूर्ण माहौल में बाधा नहीं आनी चाहिए।

(vi) स्थानीय पारंपरिक सामग्री जैसे ईंट, पत्थर, मिट्टी की टाइल आदि का उपयोग किया जाएगा।

ड) छत का डिज़ाइन:

लाल मिट्टी की टाइल जैसी पारंपरिक सामग्री की ढलान वाली छत का उपयोग किया जा सकता है।

च) रंग:

बाहरी अग्रभाग का रंग स्मारक के अनुरूप मटमैला, तटस्थ रंग का होना चाहिए जैसे-बेज, ऑफ-व्हाइट, क्रीम आदि।

6.14 आगंतुक सुविधाएं और साधन :

कार्य-स्थल पर पानी की सुविधा, शौचालय, रोशनी, संकेतक, गार्ड रूम और सार्वभौमिक सुसाध्यता जैसे रेंप, स्पर्श-पथ और ब्रेल सुविधा प्रदान की जानी चाहिये।

अध्याय VII

स्थल विशिष्ट संस्तुतियां

7.1 स्थल विशिष्ट संस्तुतियां:

i. गुणवती मंदिर समूह, चतुर्दश का देवता मंदिर के साथ -साथ भूवनेश्वरी मंदिर और राजनगर और खोदी गई झीलें जैसे महादेव दिघी, अमर सागर, जगन्नाथ सागर, माणिक्यों द्वारा निर्मित धानी सागर को पर्यटन और धार्मिक उद्देश्यों के लिए विकसित किया जा सकता है।

ii. स्थल पर प्रामाणिक ऐतिहासिक आख्यानों पर आधारित वर्णनात्मक पट्टिकाएँ भी लगाई जा सकती हैं।

iii. ऐतिहासिक परिसर के भीतर सभी संकेतक संस्मारक और उसके आसपास के विशेष स्वरूप के साथ संगत और सामंजस्यपूर्ण होने चाहिए।

iv. संकेतक इस प्रकार से लगाए गए हों कि उनसे ऐतिहासिक ताने-बाने को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए और न ही संस्मारक का ऐतिहासिक स्वरूप कम होना चाहिए।

v. धरोहर क्षेत्र के भीतर होर्डिंग, इश्तहार के रूप में किसी भी विज्ञापन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

vi. किसी भी संरचनात्मक क्षति से बचाने के लिए संस्मारक का नियमित रखरखाव किया जाये।

vii. विशेष अवसरों पर, जब पर्यटकों की संख्या अधिक हो, तो संस्मारक के आसपास खुली/खाली भूमि पर कुछ अस्थायी सुविधाएं स्थापित की जा सकती हैं।

viii. संकेतक इस तरह से लगाए जाने चाहियेँ कि वे किसी भी धरोहर सरंचना या संस्मारक के दृश्य को अवरूद्ध न करें और वे पैदल चलने वालों की तरफ उन्मूख हों।

7.2 अन्य संस्तुतियाँ:

i. संस्मारक के अधिकार क्षेत्र और सीमाओं को स्थानीय क्षेत्र योजना में एकीकृत किया जा सकता है जो त्रिपुरा शहरी योजना और विकास प्राधिकरण द्वारा तैयार और कार्यान्वित की जाती हैं क्योंकि स्थानीय क्षेत्र योजना मास्टर प्लान के विनियमों के साथ-साथ धरोहर नियमों के कार्यान्वयन के लिए एकल खिड़की व्यवस्था प्रदान करती है। शहरी अभिकल्प दिशानिर्देशों के साथ विन्यास योजनाओं को भी स्थानीय क्षेत्र योजना स्तर पर शामिल किया जा सकता है।

ii. अलग-अलग प्रकार के दिव्यांगों के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार प्रावधान किए जाएंगे।

iii. संस्मारक के चारों ओर मौजूदा शहरीकरण से प्रतिरोध बढ़ाने की दृष्टि से संरक्षित संस्मारक की चारदीवारी के साथ-साथ पेड़ों की अधिक स्वदेशी/स्थानीय घनी कतार लगाई जानी चाहिए।

iv. व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ।

v. क्षेत्र को प्लास्टिक और पॉलिथीन मुक्त घोषित किया जाये।

vi. सांस्कृतिक धरोहर स्थलों और परिक्षेत्रों के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन दिशानिर्देश https://ndma.gov.in/images/guidelines/Guidelines-Cultural-Heritage.pdf पर देखे जा सकते हैं।

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF CULTURE
NATIONAL MONUMENTS AUTHORITY

In exercise of the powers conferred by section 20 E of the Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains Act, 1958 read with Rule (22) of the Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains (Framing of Heritage Bye- laws and Other Functions of the Competent Authority) Rule, 2011, the following Heritage Bye-laws for the Centrally Protected Monument **Bhubaneswari Temple, Rajnagar, Gomati, Tripura,** prepared by the Competent Authority in consultation with the Indian Institute of Technology (IIT), Kharagpur, were published on 11.08.2021, as required by sub-rule (2) of Rule 18 of the National Monuments Authority (Conditions of Service of Chairman and Members of Authority and Conduct of Business) Rules, 2011, for inviting objections or suggestions from the public;

The objections/suggestions, received before the specified date have duly been considered by the National Monuments Authority in consultation with the Competent Authority.

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (5) of the Section 20 E of the Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains Act, 1958 the National Monuments Authority, hereby makes the following bye-laws, namely:-

Heritage Bye-laws for Bhubaneswari Temple, Rajnagar, Gomati, Tripura

CHAPTER I

Preliminary

1.1 **Short title, Extent and Commencements:**

(i) These bye-laws may be called the National Monument Authority Heritage bye-laws, 2023 of Centrally Protected Monument - **Bhubaneswari Temple, Rajnagar, Gomati, Tripura.**

(ii) They shall extend to the entire prohibited and regulated area of the monuments.

(iii) The provisions of these bye-laws shall have effect notwithstanding anything inconsistent therewith contained in any other bye-laws, whether made before or after the commencement of these bye-laws, or in any instrument having effect by virtue of any bye-laws It shall not be obligatory to carry out amendments in these bye-laws to make them consistent with any other bye-laws.

(iv) They shall come into force with effect from the date of their publication.

1.2 **Definitions:**

1. In these bye-laws, unless the context otherwise requires, the definitions as given in the Act or the rules made thereunder have been reproduced hereunder for the sake of convenience:-

(a) "ancient monument" means any structure, erection or monument, or any tumulus or place or interment, or any cave, rock sculpture, inscription or monolith, which is of historical, archaeological or artistic interest and which has been in existence for not less than one hundred years, and includes:-

(i) the remains of an ancient monument,

(ii) the site of an ancient monument,

(iii) such portion of land adjoining the site of an ancient monument as may be required for fencing or covering in or otherwise preserving such monument, and

(iv) the means of access to, and convenient inspection of an ancient monument;

(b)"archaeological site and remains" means any area which contains or is reasonably believed to contain ruins or relics of historical or archaeological importance which have been in existence for not less than one hundred years, and includes:

(i) such portion of land adjoining the area as may be required for fencing or covering in or otherwise preserving it, and

(ii) the means of access to, and convenient inspection of the area;

(c) "Act" means the Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains Act, 1958 (24 of 1958);

(d) "archaeological officer" means an officer of the Department of Archaeology of the Government of India not lower in rank than Assistant Superintendent of Archaeology;

(e) "Authority" means the National Monuments Authority constituted under Section 20 F of the Act;

(f) "competent authority" means an officer not below the rank of Director of archaeology or Commissioner of archaeology of the Central or State Government or equivalent rank, specified, by notification in the Official Gazette, as the competent authority by the Central Government to perform functions under this Act:

Provided that the Central Government may, by notification in the Official Gazette, specify different competent authorities for the purpose of section 20C, 20D and 20E;

(g) "construction" means any erection of a structure or a building, including any addition or extension thereto either vertically or horizontally, but does not include any re-construction, repair and renovation of an existing structure or building, or, construction, maintenance and cleansing of drains and drainage works and of public latrines, urinals and similar conveniences, or the construction and maintenance of works meant for providing supply of water for public, or, the construction or maintenance, extension,

management for supply and distribution of electricity to the public or provision for similar facilities for public;

(h) "Floor Area Ratio (FAR)" means the quotient obtained by dividing the total covered area (plinth area) on all floors by the area of the plot;

FAR = Total covered area of all floors divided by plot area;

(i) "Government" means the Government of India;

(j) "maintain", with its grammatical variations and cognate expressions, includes the fencing, covering in, repairing, restoring and cleansing of a protected monument, and the doing of any act which may be necessary for the purpose of preserving a protected monument or of securing convenient access thereto;

(k) "owner" includes-

(i) a joint owner invested with powers of management on behalf of himself and other joint owners and the successor-in-title of any such owner; and

(ii) any manager or trustee exercising powers of management and the successor-in-office of any such manager or trustee;

(l) "prescribed" means prescribed by rules made under this Act;

(m) "prohibited area" means any area specified or declared to be a prohibited area under section 20A;

(n) "protected area" means any archaeological site and remains which is declared to be of national importance by or under this Act;

(o) "protected monument" means any ancient monument which is declared to be of national importance by or under this Act;

(p) "regulated area" means any area specified or declared to be a regulated area under section 20B of this Act;

(q) "re-construction" means any erection of a structure or building to its pre-existing structure, having the same horizontal and vertical limits;

(r) "repair and renovation" means alterations to a pre-existing structure or building, but shall not include construction or re-construction;

2. The words and expressions used herein and not defined shall have the same meaning as assigned in the Act or the rules made there under.

CHAPTER II

Background of the Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains (AMASR) Act, 1958

2.1 Background of the Act*:*

The Heritage Bye-laws are intended to guide physical, social and economic interventions within 300m in all directions of the Centrally Protected Monuments. The three hundred meters area has been divided into two parts (i) the **Prohibited Area,** the area beginning at the limit of the Protected Area or the Protected Monument and extending to a distance of one hundred meters in all directions and (ii) the **Regulated Area**, the area beginning at the limit of the Prohibited Area and extending to a distance of two hundred meters in all directions.

As per the provisions of the Act, no person shall undertake any construction or mining operation in the Protected Area and Prohibited Area while permission for repair and renovation of any building or structure, which existed in the Prohibited Area before 16 June, 1992, or which had been subsequently constructed with the approval of Director General (DG), ASI and; permission for construction, re-construction, repair or renovation of any building or structure in the Regulated Area, must be sought from the Competent Authority.

2.2 Provision of the Act related to Heritage Bye-laws:

Section 20E of AMASR Act, 1958 and Rule 22 of Ancient Monument and Archaeological Sites and Remains (Framing of Heritage Bye-Laws and other functions of the Competent Authority) Rules, 2011, specifies framing of Heritage Bye-Laws for Centrally Protected Monuments. The Rule provides parameters for the preparation of Heritage Bye-Laws. Rule 18 of National Monuments Authority (Conditions of Service of Chairman and Members of Authority and Conduct of Business) Rules, 2011, specifies the process of approval of Heritage Bye-laws by the Authority.

2.3 Rights and Responsibilities of the Applicant:

